CS (Main) Exam:2015

C–AVZ–O–QTZA

# मनोविज्ञान

## प्रश्न-पत्र—I

# PSYCHOLOGY

## Paper—I

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)**

*दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।*

*उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।*

*प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिये।*

---

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)**

*There are **EIGHT** questions divided in **Two Sections** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each Section.*

*The number of marks carried by a question/part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

खण्ड—अ

## SECTION—A

Q. 1 निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिये :—

**Answer the following questions each in about 150 words :—** **10×5=50**

Q. 1(a) मनोवैज्ञानिक प्रक्रमों की समझ सामाजिक विज्ञान की अन्य शाखाओं के लिए क्यों महत्वपूर्ण है ?

Why is it important to understand psychological processes for other disciplines of social science ? 10

Q. 1(b) जीवन विस्तृति की प्रमुख अवस्थाओं के संदर्भ में स्वस्ति-बोध के संवर्धन में सामाजिक सांस्कृतिक कारकों की भूमिका का विवेचन कीजिये।

Discuss the role of socio-cultural factors in promotion of well-being across major stages of life span. 10

Q. 1(c) यह कहना कहाँ तक सही है कि मनोविज्ञान की अधिकांश समस्याओं को अर्ध-प्रायोगिक अभिकल्पों के उपयोग द्वारा ज्यादा पर्याप्त रूप से सुलझाया जा सकता है ?

How far is it correct to state that most of the problems of psychology can be addressed more adequately by adopting quasi-experimental designs ? 10

Q. 1(d) कार्यक्रमबद्ध अधिगम की धारणा का मूल्यांकन कीजिये एवं आधुनिक शिक्षा में इसकी प्रासंगिकता का समुचित उदाहरणों सहित वर्णन कीजिये।

Evaluate the notion of programmed learning and describe its relevance for modem day education with suitable examples. 10

Q. 1(e) दुर्श्चिता, सन्दर्भ एवं दमन के कारण पुनरुद्धार प्रक्रमों में बाधा पर प्रकाश डालिये।

Bring out the disruption in retrieval processes due to anxiety, context and repression. 10

Q. 2(a) वर्तमान सामाजिक स्थितियों में होने वाले अनबन को ध्यान में रखते हुए, विवेचन कीजिये कि कैसे एक मनोवैज्ञानिक ऐसी समस्याओं के लिए मध्यक्षेप प्रस्तुत करने में योगदान कर सकता है।

Keeping in view the strife in current social situation, discuss how a psychologist can contribute towards providing interventions for such problems. 15

Q. 2(b) स्मृतिलोप पर अध्ययनों का उल्लेख करते हुए, दर्शाइये कि व्यक्त एवं अव्यक्त स्मृतितंत्र एक दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं।

Citing studies on amnesia show how the explicit and implicit memory systems are separate. 20

Q. 2(c) समुचित उदाहरणों सहित प्रदर्शित कीजिये कि कैसे संकेत पहचान थियोरी सतर्कता के प्रक्रम को आशोधित करने में सहायक हुई है ?

Demonstrate with suitable examples how the signal detection theory has helped in modifying the process of vigilance. 15

Q. 3(a) किस प्रकार की अनुसंधान दशाओं के अन्तर्गत, कारक विश्लेषण का उपयोग आवश्यक हो जाता है ? विवेचन कीजिये।

Under what kind of research conditions does the use of factor analysis become necessary ? Discuss. 20

Q. 3(b) आप इस धारणा से कहाँ तक सहमत हैं कि शिशु स्मृति की अनुसंधान प्राप्तियां वयस्क स्मृतियों के विश्लेषण में नवीन उपागम प्रस्तुत कर सकती हैं ? अपने उत्तर को उदाहरणों से पुष्ट कीजिये।

How far do you agree with the contention that research findings on infant memory can present novel approaches toward analyzing adult memories ? Corroborate your answer with examples. 15

Q. 3(c) बैण्डुरा के सामाजिक अधिगम थियोरी पर पुनर्विचार कीजिये तथा मीडियाजनित हिंसा के परिणामस्वरूप आक्रामकता को समझने में इसके प्रभाव का मूल्यांकन कीजिये।

Review Bandura's social learning theory and evaluate its impact on understanding aggression as a result of media generated violence. 15

Q. 4(a) यह विश्वास किया जाता है कि गैर-प्रायोगिक अभिकल्प, सामाजिक बुराइयों जैसे उभरते मुद्दों, जो भारत में प्रमुख रूप से दिखाई देते हैं, उनकी व्याख्या करने में ज्यादा प्रासंगिक हैं। विवेचना कीजिये।

It is believed that non-experimental designs are more relevant for explaining the emerging issues like social evils that are seen prominently in India. Discuss. 20

Q. 4(b) उपयुक्त उदाहरणों सहित मनोवैज्ञानिक अनुसंधान को सम्पादित करने में, क्रमबद्ध चरणों के पालन करने में निहित तर्क का विवेचन कीजिये।

With suitable examples, discuss the logic behind following the systematic steps in conducting psychological research. 15

Q. 4(c) क्या सांस्कृतिक परिवेश बाह्य उद्दीपनों के अर्थों की समझ तथा मूल्यांकन को प्रभावित करते हैं ? अपने उत्तर के लिए उपयुक्त औचित्य प्रस्तुत कीजिये।

Do the cultural settings influence the understanding and evaluation of meanings of external stimuli ? Provide suitable justification for your answer. 15

खण्ड—ब

## SECTION—B

Q. 5 निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिये :—

**Answer the following questions each in about 150 words :—** **10×5=50**

Q. 5(a) क्षुधा अभिप्रेरक में अन्तर्निहित मस्तिष्कीय प्रक्रियाओं का विवेचन कीजिये।

Discuss the brain mechanisms underlying hunger motive. 10

Q. 5(b) बुद्धि की संकल्पना को समझने में जे.पी. दास के माडल की उपयोगिता का मूल्यांकन कीजिये।

Evaluate the utility of J.P. Das' model in understanding the concept of intelligence. 10

Q. 5(c) पेन्सिल-कागज परीक्षणों के उपयोग के द्वारा व्यक्तित्व के आकलन में समस्याओं पर प्रकाश डालिये।

Highlight the problems in assessment of personality using the pencil-paper tests. 10

Q. 5(d) समुचित उदाहरणों की सहायता से, सम्प्रेषण के अशाब्दिक प्रक्रम को विस्तार से समझाइये।

Illustrate with suitable examples the non-verbal process of communication. 10

Q. 5(e) समस्या समाधान में इस्तेमाल की जाने वाली सामान्य युक्तियाँ क्या हैं ? यह क्षेत्र-विशेष प्रक्रियाओं से किस प्रकार भिन्न होती हैं ?

What are the general strategies used in problem solving ? How do these differ from domain-specific procedures ? 10

Q. 6(a) बहिर्जात और अंतर्जात अभिप्रेरण के बीच विभेदन कीजिये। इनमें से कौन ज्यादा शक्तिमान है और क्यों ?

Distinguish between extrinsic and intrinsic motivation. Which one is more powerful and why ? 20

Q. 6(b) संज्ञानात्मक विकास की पियाजे की अवस्थाओं का वर्णन कीजिये। उसकी थियोरी की समालोचना कीजिये।

Describe Piaget's stages of cognitive development. Critique his theory. 15

Q. 6(c) स्पीयरमन, थर्स्टन और गिलफोर्ड की रचनाओं में बुद्धि की कारक थियोरी के क्रमविकास का संक्षिप्त विवेचन कीजिये।

Discuss briefly the evolution of factor theory of intelligence in the works of Spearman, Thurstone and Guilford. 15

Q. 7(a) व्यक्तित्व के ट्रेट और प्ररूप (टाइप) उपागमों का वर्णन कीजिये। युंग की प्ररूपता (टाइपोलोजी) पर, उसकी कमियों सहित, प्रकाश डालिये।

Describe the trait and type approaches to personality. Highlight Jung's typology with its weaknesses. 20

Q. 7(b) हम क्यों किसी विशेष समय जागे रहते हैं, जब कि अन्य समय सोते हैं ? विरोधी-प्रक्रम माडल की सहायता से, इसे स्पष्ट कीजिये।

Why are we awake at certain times and asleep at others ? Explain this with help of opponent process model. 15

Q. 7(c) अभिक्षमता (एप्टीचूड) क्या होती हैं ? अभिक्षमता के विभिन्न परीक्षणों का वर्णन कीजिये।

What is an aptitude ? Describe the various tests of aptitudes. 15

Q. 8(a) "बच्चे रूढ़प्ररूपों के साथ पैदा नहीं होते हैं, वे उन्हें अपने परिवार, समकक्षियों (पीयर्स) मीडिया एवं समाज से सीखते हैं।" विवेचना कीजिये।

"Children are not born with stereotypes; they learn them from their family, peers, media and society."—Discuss. 20

Q. 8(b) भाषा विकास में, चाम्स्की की थियोरी स्किनर की थियोरी से किस प्रकार भिन्न है ? विवेचन कीजिये।

How does Chomsky's Theory differ from that of Skinner in language development ? Discuss. 15

Q. 8(c) व्यक्तित्व की बृहत्-पाँच कारक थियोरी के घटकों का कथन कीजिये। उसको व्यक्तित्व की अन्य कारक थियोरियों से क्यों श्रेष्ठ माना जाता है ?

State the components of Big-5 factor theory of personality. Why is it considered superior to other factor theories of personality ? 15